आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 सोमवार** **दिनांक 29.12.2025**

**<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>**

**मुख्य समाचारः—**

1— प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राज्यों से सेवा क्षेत्र को मजबूती देकर भारत को वैश्विक सेवा केन्द्र बनाने का आह्वान किया।

2— अपनी ग्यारह सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेश के सरकारी अधिकारी और कर्मचारी आज से तीन दिवसीय काम बंद हड़ताल पर चले गए हैं।

3— भारत माला परियोजना मुआवजा घोटाला मामले में ईडी ने आज रायपुर और महासमुंद में नौ ठिकानों पर छापेमार कार्रवाई की।

**और**

4— गणतंत्र दिवस पर नई दिल्ली में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह के लिए छत्तीसगढ़ की झांकी का चयन किया गया—इस बार कर्तव्य पथ पर जनजातीय वीर नायकों को समर्पित देश के पहले डिजिटल संग्रहालय की झलक देखने को मिलेगी।

...........

## प्रधानमंत्री मुख्य सचिव–सम्मेलन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राज्यों से सेवा क्षेत्र को मजबूती देकर भारत को वैश्विक सेवा केन्द्र बनाने का आह्वान किया। नई दिल्ली में मुख्य सचिवों के पांचवें राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि भारत जल्द ही राष्ट्रीय विनिर्माण मिशन का शुभारंभ करेगा। उन्होंने प्रत्येक राज्य से वैश्विक कंपनियों को आकर्षित करने के लिए बुनियादी ढ़ांचा सृजित करने का आग्रह किया।

नई दिल्ली के भारत मंडपम् में आयोजित मुख्य सचिवों का तीन दिवसीय सम्मेलन कल समाप्त हो गया। प्रधानमंत्री ने लगातार दो दिन इस सम्मेलन की अध्यक्षता की। अपने संबोधन में कल उन्होंने भारत की जनसांख्यिकी उपलब्धि का उल्लेख करते हुए कहा कि देश की लगभग सत्तर प्रतिशत आबादी कार्यशील वर्ग में है। इससे आर्थिक प्रगति के लिए विशिष्ट अवसर उपलब्ध होने के साथ ही विकसित भारत के निर्माण में गति मिलेगी।

## डिजिटल शिक्षा–एमओयू

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मौजूदगी में जशपुर जिले में शासकीय विद्यालयों में डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए जिला प्रशासन, एसईसीएल और ईडीसीआईएल के बीच त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस परियोजना के लिए शासन ने पांच करोड़ रूपए की राशि स्वीकृत की है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आधुनिक तकनीक के माध्यम से शिक्षा को रोचक और प्रभावी बनाना समय की आवश्यकता है, ताकि ग्रामीण एवं दूरस्थ अंचलों के बच्चों को भी शहरों के समान बेहतर शैक्षणिक संसाधन उपलब्ध कराए जा सके।

एमओयू के तहत जशपुर जिले के चयनित शासकीय विद्यालयों में चरणबद्ध रूप से इंटरएक्टिव पैनल स्थापित किए जाएंगे। इन उपकरणों के माध्यम से शिक्षक डिजिटल कंटेंट,

वीडियो, प्रेजेंटेशन एवं ई–लर्निंग संसाधनों का उपयोग कर कक्षाओं को अधिक रोचक, सरल और प्रभावी बना सकेंगे।

## मुख्यमंत्री–पोषण पुनर्वास केन्द्र

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जशपुर जिले के फरसाबहार स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित कार्यक्रम के दौरान फरसाबहार के साथ–साथ कुनकुरी और मनोरा में स्थापित किए गए पोषण पुनर्वास केंद्रों का शुभारंभ किया। इन तीनों पुनर्वास केंद्रों को दस–दस बिस्तरों की सुविधा के साथ प्रारंभ किया गया है। इनके शुभारंभ के साथ ही जशपुर जिले में पोषण पुनर्वास केंद्रों की संख्या छह हो गई है।

## विशेष कार्यक्रम

वर्ष 2025 भारत में कर सुधारों की दृष्टि से हमेशा याद किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने वर्ष 2025 में अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार लागू किए। इस तरह से देश में कर व्यवस्था को सरल और तर्कसंगत बनाया गया।

जाने–माने अर्थशास्त्री और पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के अर्थशास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉक्टर आर.के. ब्रम्हे ने कहा कि वर्ष दो हजार पच्चीस में मोदी सरकार ने महत्वपूर्ण कर सुधार किए हैं।

इस पूरी बातचीत को आकाशवाणी रायपुर द्वारा आज रात नौ बजकर पंद्रह मिनट से नौ बजकर तीस मिनट तक प्रसारित किया जाएगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र एक साथ रिले करेंगे।

**अरूण साव–पत्रकारवार्ता**

नवा रायपुर में आयोजित एक पत्रकारवार्ता में उप मुख्यमंत्री और नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने पिछले दो वर्षों में हुए नगरीय प्रशासन विभाग के कार्यों और आगामी कार्ययोजनाओं की जानकारी दी। श्री साव ने कहा, राज्य में प्रधानमंत्री आवास योजना–शहरी के दूसरे चरण के तहत सभी शहरों में डोर–टू–डोर सर्वेक्षण कार्य किया जा रहा है। इस योजना के तहत कुल एक लाख बत्तीस हजार आवास बनाने का लक्ष्य है।

इस दौरान श्री साव ने स्वच्छ भारत मिशन शहरी, स्वच्छता सर्वेक्षण, अमृत मिशन योजना, पीएम स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री ई–बस सेवा योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। आगामी तीन वर्षों की कार्ययोजना पेश करते हुए श्री साव ने बताया कि अटल बिहारी वाजपेयी के रजत जयंती वर्ष पर प्रदेशभर में अटल परिसर का निर्माण किया जा रहा है। इसके अलावा उन्होंने मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना, नालंदा परिसर, मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना सहित विभिन्न सेवाओं में सुधार की जानकारी देते हुए एनर्जी ऑडिट पर जोर देने की बात कही।

**अधिकारी–कर्मचारी–हड़ताल**

अपनी ग्यारह सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेश के सरकारी अधिकारी और कर्मचारी आज से तीन दिवसीय काम बंद हड़ताल पर चले गए हैं। पहले ही दिन इंद्रावती भवन में कर्मचारियों की हड़ताल का खासा असर देखने को मिला। लेकिन मंत्रालय में कामकाज जारी रहा। हालांकि छत्तीसगढ़ मंत्रालयीन कर्मचारी संघ ने छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन की इस हड़ताल का नैतिक समर्थन किया है। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के बैनर तले जारी इस हड़ताल के

तहत रायपुर, दुर्ग, कोरबा सहित अन्य जिलों के कर्मचारियों ने आज विभिन्न जिला मुख्यालयों में धरना और प्रदर्शन भी किया।

**ईडी–छापा**

भारत माला परियोजना मुआवजा घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय–ईडी ने आज रायपुर और महासमुंद में नौ ठिकानों पर छापेमार कार्रवाई की। सूत्रों के मुताबिक ईडी की अलग–अलग टीमों ने आज सुबह एक साथ छापा मारा। ईडी के अधिकारी आरोपी हरमीत खनूजा समेत उसके सहयोगियों और संबंधित अधिकारियों के ठिकानों पर दस्तावेजों की जांच कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि महासमुंद में कारोबारी जशबीर सिंह बग्गा के बसंत कॉलोनी स्थित घर में भी ईडी ने छापा मारा है।

**छत्तीसगढ़–झांकी**

रक्षा मंत्रालय की विशेषज्ञ समिति ने दिल्ली में गणतंत्र दिवस पर आयोजित होने जा रहे मुख्य समारोह के लिए छत्तीसगढ़ की झांकी का चयन कर लिया है। गणतंत्र दिवस समारोह में इस बार कर्तव्य पथ पर जनजातीय वीर नायकों को समर्पित देश के पहले डिजिटल संग्रहालय की झलक देखने को मिलेगी। इस डिजिटल संग्रहालय का लोकार्पण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नवा रायपुर अटल नगर में किया था। झांकी के चयन पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बधाई दी है। उन्होंने कहा छत्तीसगढ़ की झांकी के माध्यम से आदिवासी समाज की देशभक्ति, अद्‌भुत वीरता और अपने सिद्धांतों के लिए प्राण न्योछावर करने की परंपरा पूरे देश को देखने को मिलेगी।

**साहित्य–परिचर्चा**

दिल्ली में आयोजित साहित्यिक परिचर्चा में ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित छत्तीसगढ़ के साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल के रचना–कर्म और साहित्य के क्षेत्र में उनके योगदान को याद किया गया। इस अवसर पर साहित्य उत्सवों की प्रासंगिकता पर भी चर्चा की गई।

रायपुर में आगामी तेईस से पच्चीस जनवरी तक आयोजित होने जा रहे साहित्य उत्सव को लेकर दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब में इस साहित्यिक परिचर्चा का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में डॉक्टर सच्चिदानंद जोशी, छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी के अध्यक्ष शशांक शर्मा, साहित्यकार अलका जोशी, अनिल जोशी और लेखक अनंत विजय ने विनोद कुमार शुक्ल के व्यक्तित्व और कृतित्व पर अपने विचार व्यक्त किए।

इस अवसर पर रायपुर साहित्य उत्सव समिति के सदस्य और मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार पंकज झा, रायपुर साहित्य उत्सव समिति के सदस्य संजीव सिन्हा सहित देश के अनेक प्रतिष्ठित साहित्यकार और विचारक शामिल हुए।

**मुख्यमंत्री–बेमेतरा**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कल बेमेतरा जिले में आयोजित गुरु घासीदास लोक कला महोत्सव में शामिल हुए। इस अवसर पर राज्य स्तरीय पंथी नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने नवागढ़ क्षेत्र के विकास के लिए एक सौ पैंसठ करोड़ चौव्वन लाख रूपए की लागत वाले चवालीस विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया।

**आईईडी–बरामद**

बीजापुर जिले के कांडलापर्ती क्षेत्र में सर्चिंग अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने माओवादियों द्वारा छिपाकर रखी गई माओवादी सामग्री और पांच किलोग्राम का एक आईईडी बरामद किया है। जानकारी के मुताबिक सीआरपीएफ और जिला पुलिस बल की संयुक्त टीम तलाशी अभियान पर निकली हुई थी, इसी दौरान कांडलापर्ती सड़क से कुछ दूरी पर माओवादियों द्वारा लगाया गया लगभग पांच किलोग्राम का आईईडी बरामद किया गया। इस आईईडी को बम निरोध दस्ते ने मौके पर ही नष्ट कर दिया है।

**मुख्यमंत्री–बाल विवाह मुक्त अभियान**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने फरसाबहार स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर से बाल विवाह मुक्त जशपुर अभियान रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह जागरूकता रथ जिले के शहरी क्षेत्रों के साथ–साथ दूरस्थ ग्रामीण अंचलों में भ्रमण कर लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि बाल विवाह को रोकना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने आमजन से अपील की कि यदि कहीं भी बाल विवाह की जानकारी मिले तो टोल फ्री नंबर –**एक शून्य नौ आठ** पर सूचना दें।

--------------